# मध्यप्रदेश शासन

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

### राज्य स्तरीय अपीलेट अथॉर्टी की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् लोकपाल द्वारा पारित 'अवार्ड' के विरुद्ध अपील हेतु राज्य स्तरीय अपीलेट अथॉर्टी की नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु सिविल सोसायटी संगठन क्षेत्र में न्यूनतम **30** वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। **30** वर्ष से कम अनुभव वाले आवदकों के नाम पर चयन हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

**अपील प्राधिकरण के सदस्य की आवश्यक अर्हताएं.-**

1) सिविल सोसायटी संगठन के क्षेत्र में न्यूनतम 30-वर्षों का अनुभव हो ।
2) आवेदक अपने अनुभव के क्षेत्र में प्रख्यात एवं सत्यनिष्ठ तथा निरपराध हो।
3) आवेदक किसी राजनैतिक दल अथवा वर्तमान में प्रतिबंधित किसी गैर राजनैतिक संगठन/संस्था/समिति का सदस्य न हो तथा आवेदक के ऊपर कोई अपराधिक प्रकरण न चल रहा हो।
4) आवेदक शारीरिक रुप से सक्रिय एवं राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण हेतु सक्षम हो।
5) महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत लोकपाल के रुप में जिन्होंने कम से कम 01-वर्ष सेवा दी हो, उन्हें नियुक्ति में प्राथमिकता दी जावेगी।
6) प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों के पैनल का गठन राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

**आयु सीमा -** नियुक्ति के समय, उम्र 66-वर्ष से कम हो।

## आवेदन हेतु शर्ते तथा अन्य आवश्यक जानकारियाँ

1) मध्यप्रदेश राज्य में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत लोकपाल द्वारा पारित “अवार्ड" से व्यथित पक्ष को सुनवाई का अवसर प्रदान करने हेतु "त्रि-सदस्यीय अपीलीय प्राधिकरण' का गठन किया गया है। प्राधिकरण के सदस्यों का कार्य निःस्वार्थ जनसेवा की प्रकृति का है।
2) आवेदक को निर्धारित प्रपत्र में ही जानकारी देनी होगी । आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज, आवेदक द्वारा स्व-प्रमाणित (**Self Attested)** होना चाहिये।
3) आवेदक को अपना कार्यानुभव, आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों के माध्यम से प्रमाणित करना होगा।
4) आवेदन पत्र में दी गई जानकारी से संबंधित समस्त प्रमाण-पत्रों को आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5) आवेदन संबंधी प्रारूप, अर्हता एवं शर्तों की जानकारी राज्य शासन की वेबसाईट- **www.nregsmp.org** तथा महात्मा गांधी नरेगा की वेबसाइट **www.prd.mp.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**<u>कार्यावधि</u>** -

अपीलीय प्राधिकरण के सदस्यों की नियुक्ति प्रथमबार 02-वर्ष की समयावधि के लिये की जावेगी। कार्यप्रदर्शन एवं कार्य के मूल्यांकन के आधार पर उनकी सेवा अवधि एकबार में 01-वर्ष के लिये, अधिकतम 02-बार तक अथवा 68-वर्ष की उम्र तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकेगा। किसी भी अभ्यर्थी को पुनर्नियुक्ति नहीं दी जावेगी।

**<u>पारिश्रमिक</u>**

प्राधिकरण के सदस्यों को फीस के रूप में देय पारिश्रमिक भुगतान प्रतिमाह अधिकतम सीमा रूपये- 30000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) के अध्यधीन प्रति बैठक (**Per Sitting**) रूपये 1500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये मात्र) की दर से देय होगा। अन्य किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

**<u>कार्य</u>**

**1)** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत लोकपाल द्वारा पारित 'अवार्ड से व्यथित पक्ष को अपील का अवसर प्रदान करना।

2) प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत अपील का निपटारा 02-माह के भीतर करना।

**<u>आवेदन प्रारुप</u>** - संलग्न है।

**<u>पता</u>**

1. आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारुप में स्व-अभिप्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन पत्र को विधिवत रूप से भरकर परिषद कार्यालय के ई-मेल आईडी **commissioner.nregs@gmail.com** एवं **est.nregs@gmail.com** पर प्रेषित किये जा सकते है अथवा आयुक्त म.प्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद, **59** द्वितीय तल, नर्मदा भवन अरेरा हिल्स भोपाल मध्यप्रदेश पिन-462011 में पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से भी प्रस्तुत किए जा सकेंगे। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक **20**.04.2022 (कार्यालयीन समय तक) निर्धारित है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत करते हुए उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
2. इन निर्देशों एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (लोकपाल की नियुक्ति शक्तियां एवं कर्तव्य) म.प्र. नियम **2021** में कोई भिन्नता होने की स्थिति में राजपत्र में प्रकाशित नियम अंतिम रूप से मान्य होंगे।

**आयुक्त**
**म.प्र राज्य रोजगार गांरटी परिषद**
**भोपाल**

# <u>आवेदन पत्र</u>

स्वंय द्वारा सत्यापित फोटो

## "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी "

मध्यप्रदेश राज्य में गठित त्रि-सदस्यीय अपीलीय प्राधिकरण के सदस्य पद हेतु आवेदन पत्र

(पद संख्या-03, अनुभव का क्षेत्र-सिविल सोसायटी संगठन)

**<u>आवेदित पद का नाम:-</u>** सदस्य (सिविल सोसायटी संगठन)

प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के ऊपर पद एवं अनुभव का क्षेत्र का अनिवार्यत: उल्लेख करें।

**1)** आवेदक का नाम:- .............................................

**2)** पिता/पति का नाम:- .............................................

**3)** जन्मतिथि :- (अ) अंको में .............................................

(ब) शब्दों में ...............................................

4) दिनांक 01/01/2022 को आयु:- .....................वर्ष.................माह..................दिन

(आयु की पुष्टि हेतु हाई/हायर सेकण्डरी स्कूल के अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करें)

5) लिंग (पुरूष/महिला):- ......................................................

6) जाति:- ......................................................

7) वर्ग:- ......................................................

(सामान्य/अनुसचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग का उल्लेख करें)

**8)** वर्तमान पता:- ....................................................

9) स्थायी पता:- ....................................................

10) फोन/मोबाइल नम्बर:- ..................................(एस.टी.डी.कोड सहित)

11. ई-मेल एड्रेस:- ..............................................

12) शैक्षिक योग्यता:- (कृपया समस्त दस्तावेज की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. का नाम उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13) क्या आप सिविल सोसायटी संगठन क्षेत्र में न्यूनतम 30 वर्षों तक कार्य करने का अनुभव रखते हैं ? (हॉ/नहीं) :- ...........................................................................

14) क्रमांक 13 में उल्लेखित क्षेत्र में आपका कुल अनुभव कितने वर्ष का है ?.........................

**15)** अनुभव का विस्तृत विवरण:- (निम्नांकित सारणी में वर्षवार क्रमानुसार विवरण देवें)

| क्र. | पद नाम | संस्था का नाम | सेवा अवधि वर्ष (....से...तक) | अनुभव क्षेत्र में उत्कृष्ठता | संलग्न दस्तावेजों का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(सिविल सोसायटी संगठन क्षेत्र में न्यूनतम 30-वर्षों का वर्षवार अनुभव संबंधी विवरण एवं तत्संबंध में प्रमाणिक दस्तावेज, उत्कृष्ठ कार्य संबंधी क्रियाकलाप या कार्य के संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशन, कोई रिपोर्ट छायाचित्र एवं अन्य ऐसा दस्तावेज, जो अनुभव से संबंधित हो, अनिवार्यत: संलग्न करें।)

16) क्या आप पूर्व में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत लोकपाल के पद पर कार्य कर चुके है ?
(अ) हॉ/नहीं :- ..................................................
(ब) यदि हॉ तो लोकपाल के अनुभव से संबंधित जानकारी निम्नांकित सारणी में देंवे।

| क्र. | जिले का नाम जहॉ पर लोकपाल के पद पर कार्य किये है। | प्रादेशिक क्षेत्राधिकार के जिले | कुल कितने वर्षो तक कार्य किये | कार्यकाल की अवधि (कब से कब तक) | जारी आदेश क्रमांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

( प्रमाण स्वरूप लोकपाल के पद पर नियुक्ति हेतु जारी आदेश की छायाप्रति संलग्न करें।)

17**)** मूल निवास का जिला:- ...................................(निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

18) क्या किसी राजनैतिक दल के सदस्य है ? (हॉ/नहीं)................................

19) क्या किसी प्रतिबंधित संगठन/संस्था/समिति के सदस्य है, क्या आपके ऊपर कोई अपराधिक प्रकरण चल रहा है ? (हॉ/नहीं)................................
(नहीं की स्थिति में इस आशय का 50 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र संलग्न करें)

20) क्या आप मानसिक व शारीरिक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने हेतु सक्षम हैं ?
(हां/नहीं) :- ..............................................................................................
(हॉ की स्थिति में किसी भी शासकीय चिकित्सक से स्वस्थता का प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

21) अन्य जानकारी, जो आपको सामाजिक रूप से ख्यातिलब्ध **(Eminent)** बनाती हो।
............................................................................................
............................................................................................

(क्रमांक 21 में दी गई जानकारी की पुष्टि हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।)

22) संलग्न प्रमाणपत्रों एवं दस्तावेजों की सूची:-

.........................................................................

.........................................................................

.........................................................................

## <u>घोषणा</u>

आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। यदि किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाई जाती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी मैंने विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों को पढ़ा है। मुझे यह जानकारी है कि अपीलीय प्राधिकरण के सदस्य का कार्य नि:स्वार्थ जनसेवा की प्रकृति का है। इस पद पर मुझे महात्मा गांधी नरेगा से संबंधित अधिनियम एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत कार्य करना है।

आवेदक के हस्ताक्षर
(पूरा नाम सहित)

स्थान:- ..............................

दिनांक:-.............................

मोबाईल नम्बर.....................